कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा।

संख्या– /उप–नाजिर, दिनांक–

फोटो स्टेट दूकान की नीलामी सूचनाः–

सर्वधारण को सूचित किया जाता है कि जनपद न्यायालय गोण्डा परिसर में फोटो स्टेट दूकान की नीलामी (नीलामी की बोली के अन्तिमीकरण से दिनांक 31.03.2018 तक की अवधि के लिए) दिनांक 22.01.2018 को सार्वजनिक नीलामी प्रक्रिया द्वारा जनपद न्यायालय गोण्डा के मीटिंग हाल में समय 3.00 बजे दोपहर नीलामी समिति के समक्ष होनी है। बोली बोलने वाले व्यक्ति/ठेकेदार को बोली बोलने से पूर्व रूपया 10,000/–नकद जमानत राशि के रूप में नजारत अनुभाग में उप–नाजिर के पास जमा करनी होगी।

फोटो स्टेट दूकान को निर्धारित स्थान पर ही खोलना होगा, उसके अलावा किसी अन्य स्थान पर नही खोल सकते हैं तथा यह दूकाने प्रत्येक कार्य दिवस को प्रातः 9.00 बजे से सायं 5.30बजे तक की अवधि के लिए होगी। उक्त दूकान के बारे में किसी भी प्रकार के वाद विवाद का वास्ता या सरोकार जनपद न्यायालय गोण्डा प्रशासन का नही होगा।

किसी भी बोली को स्वीकार अथवा अस्वीकार करने का अधिकार माननीय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा का होगा।

Indira 19/1/18

(इन्दिरा सिंह)
सदस्य नीलामी समिति/
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0–प्रथम,
गोण्डा।

संख्या– दिनांक –

प्रतिलिपि सादर सूचनार्थ :–

1– कार्यालय जनपद न्यायाधीश, गोण्डा।
2– कार्यालय जिलाधिकारी, गोण्डा।
3– कार्यालय नगर पालिका परिषद, गोण्डा।
4– कार्यालय जिला पंचायत, गोण्डा।
5– कार्यालय जिला वनाधिकारी, गोण्डा।
आदि के नोटिस बोर्ड पर चस्पा किये जाने हेतु,
6– कार्यालय जिला सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, गोण्डा को वास्ते प्रचार व प्रसार हेतु।

सदस्य नीलामी समिति/
अपर जनपद एवं सत्र न्यायाधीश/एफ0टी0सी0–प्रथम,
गोण्डा।